## आकाशवाणी पोर्ट ब्लेयर

दिनांक : 29.08.2024 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और करोड़ों लोगों को सम्मान देने में जन–धन योजना ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।
- राष्ट्रीय खेल दिवस आज मनाया जाएगा। इस सिलसिले में भारतीय खेल प्राधिकरण अंडमान निकोबार पुलिस के सहयोग से कई कार्यक्रम आयोजित करेगा।
- द्वीपसमूह में अगले महीने की चौदह तारीख को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा।
- द्वीपसमूह में वैट के क्रियान्वयन के बारे में जानकारी देने के लिए प्रशिक्षण व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

और

- नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से मापतौल उपकरणों की जांच और मुद्रण के कार्य के लिए आज से मध्योत्तर अंडमान ज़िले के विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री जन धन योजना के कल दस वर्ष पूरे हो गए हैं। योजना के तहत अब तक तिरपन करोड़ से अधिक लाभार्थियों को बैंकिंग सुविधा प्रदान की जा चुकी है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी लाभार्थियों को बधाई दी है और इस योजना को सफल बनाने वालों को धन्यवाद दिया है। प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि जन धन योजना ने वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने और करोड़ों लोगों, विशेषकर महिलाओं, युवाओं और हाशिए पर रहने वाले समुदायों को सम्मान देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारामन ने कहा कि इस योजना के अन्तर्गत सड़सठ प्रतिशत खाते ग्रामीण या अर्ध–शहरी क्षेत्रों में खोले गए हैं। योजना के तहत खोले गये कुल खातों में से पचपन प्रतिशत खाते महिलाओं द्वारा खोले गए हैं।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय खेल दिवस आज मनाया जाएगा। इस सिलसिले में भारतीय खेल प्राधिकरण अंडमान निकोबार पुलिस के सहयोग से कई कार्यक्रम आयोजित करेगा। आज सुबह खेल के महत्व पर जागरूकता उत्पन्न करने के

लिए पुलिस मनोरंजन टीम की ओर से पोर्ट ब्लेयर के विभिन्न स्कूलों में झलकी पेश की जाएगी। भारतीय खेल प्राधिकरण स्कूल विद्यार्थियों के लिए खेल क्वीज़ प्रतियोगिता का आयोजन करेगा। आज शाम साढ़े चार बजे पुलिस टीम की ओर से नुक्कड़ नाटक और खेल प्राधिकरण के प्रशिक्षुको द्वारा मरीना पार्क में खेल क्वीज का आयोजन होगा। विजेताओं को पुरस्कार भी बांटे जाएंगे। खिलाड़ियों और आम जनता को इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है।

इस बीच, उप–शिक्षा अधिकारी दक्षिण अंडमान की ओर से भी कई खेल गतिविधियां आयोजित की जा रही है। नेताजी स्टेडियम के बहुद्देशीय सभागार में अंतर स्कूल बैडमिन्टन चैम्पियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। चौदह और सोलह वर्ष आयु वर्ग के लड़के और लड़कियों के लिए टेबल टेनिस प्रतियोगिता के अलावा मॉडल स्कूल में खेल क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में अगले महीने की चौदह तारीख को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। ज़िला विधि सेवा प्राधिकरण की ओर से आयोजित होने वाली लोक अदालत पोर्ट ब्लेयर के ज़िला न्यायालय परिसर, मायाबंदर के उप–संभागीय न्यायालय परिसर और डिगलीपुर के सर्किट कोर्ट में लगेगी। राष्ट्रीय लोक अदालत में आपसी समझौते के तहत मामलों का निपटारा किया जाएगा। आम जनता जिनके बिजली, पानी के बिल के अलावा श्रम विवाद, रख–रखाव से जुड़े मामले, उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम विवाद या सार्वजनिक मामले विचाराधीन है, वे नौ सितम्बर तक लिखित में विवादों को ज़िला विधि सेवा प्राधिकरण के सचिव के पास जमा कर सकते हैं, ताकि चौदह सितम्बर को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत में सुनवाई के लिए इसे प्रस्तुत किया जा सके।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह में वैट के क्रियान्वयन के बारे में जानकारी देने के लिए टैगोर कॉलेज के सभागार में प्रशिक्षण व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। वैट अधिकारियों और हितधारकों के लिए व्यक्तिगत और ऑनलाइन गूगल मीट सत्र के जरिए आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए वैट की संयुक्त आयुक्त नन्दिनी महाराज ने द्वीपों में वैट के महत्व और क्रियान्वयन पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि हितधारकों को वैट अधिनियम और नियमों का अच्छी तरीके से ज्ञान होना चाहिए, ताकि वे आसानी से इसका पालन कर सके। सहायक आयुक्त वैट आनन्दवर्धन मिश्रा ने वैट पर जानकारी दी और उन्होंने हितधारकों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का उत्तर देते हुए पूरे द्वीपों में वैट के क्रियान्वयन में सभी से सहयोग का अनुरोध किया।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल के समीप सौर सक्षम स्मार्ट कार्ड स्थापित किया गया है। स्वयं सहायता समूह के दस सदस्यों के लिए नाबार्ड और अनिडको के सहयोग से स्थापित इस केन्द्र का ग्रामीण विकास की आयुक्त व सचिव नन्दिनी पालीवाल ने उद्‌घाटन किया। उन्होंने इस नवीन सोच की प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे महिलाओं को लाभ मिलेगा। कार्यक्रम में ग्रामीण विकास सचिव व दक्षिण अंडमान ज़िला उपायुक्त अर्जुन शर्मा के अलावा नाबार्ड और ग्रामीण विकास के अधिकारी भी उपस्थित थे।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग की ओर से मापतौल उपकरणों की जांच और मुद्रण के कार्य के लिए आज से मध्योत्तर अंडमान ज़िले के विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित किए जाएंगे। इस कार्य के लिए विभाग का एक दल मध्योत्तर अंडमान के दौरे पर रहेगा। आज बाराटांग में शिविर लगाया जाएगा। कदमतला में कल, रंगत में इक्कतीस अगस्त से दो सितम्बर, बिल्लीग्राउंड में तीन और मायाबंदर में चार सितम्बर को मापतौल शिविर लगेगा। डिगलीपुर में पांच से लेकर नौ सितम्बर तक शिविर आयोजित होगा। सभी दुकानदारों, ऑटो रिक्शा मालिकों और ड्राइवरों तथा संबंधित विभागों से इन शिविरों का लाभ उठाकर अपने मापतौल उपकरणों की जांच और मुद्रण कराने को कहा गया है।

<><><><><><><>

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत पात्र राशन कार्ड धारकों को दो महीने का खाद्यान्न अग्रिम तौर पर दिया जाएगा। सितम्बर–अक्तूबर के लिए ये खाद्यान्न अगले महीने एक साथ जारी होंगे। राशन कार्ड धारक एक सितम्बर से इक्कतीस अक्तूबर के बीच इसे प्राप्त कर सकते हैं। जो कार्ड धारक सितम्बर माह में राशन नहीं ले पाएंगे, वे अक्तूबर में इसे ले सकते हैं।

<><><><><><><>

दक्षिण अण्डमान ज़िला प्रशासन ने ज़िले में निरंतर बेदखली अभियान के माध्यम से अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए अपने प्रयासों को तेज कर दिया है। इस पहल का उद्‌देश्य अनाधिकृत संरचनाओं को हटाना और सरकारी भूमि और सार्वजनिक स्थानों को बेईमान तत्वों को अतिक्रमण से मुक्त कराना है। राजस्व क्षेत्र के कर्मचारियों द्वारा अबर्डीन क्षेत्र में बंद अज्ञात संरचना के आकार में ताजा अतिक्रमण को ध्वस्त कर दिया गया और शून्य दशमलव शून्य दो हैक्टेयर क्षेत्र को सरकारी भूमि में बहाल कर दिया गया है। सरकारी ज़मीन पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

<><><><><><><>